आज दिनांक 29 मार्च 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के प्रांगण में प्लेसमेंट सेल द्वारा 'ओरिएंटेड सेशन' आयोजित किया गया जिसमें बी० बी० ए०, बी० बी० ए० (कैम) एवं बी० सी० ए० के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस सेशन के लिए एन० आइ० आइ० टी० गुडगाँव से आये हुए श्री दीपक और श्रीमती रुपिला ने विद्यार्थियों को रिज्यूमे तैयार करने और इंटरव्यू देने संबधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिज्यूमे कैसे तैयार किया जाना चाहिए जैसे आयु की जानकारी ना देते हुए सिर्फ जन्मतिथि लिखनी चाहिए । उन्होंने विद्यार्थियों को इंटरव्यू की तकनीकियां भी बताई कि कैसे इंटरव्यू में प्रश्नों के उत्तर देने चाहियें और किस तरह की भाषा का प्रयोग करना चाहिए। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के नेतृत्व में प्लेसमेंट सेल की कन्वीनर डॉ० शिल्पा गोयल की देख रेख में हुआ और उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए समय-समय पर ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। यह सेशन सभी कक्षाओं के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए किया जाएगा। यह सेशन श्रृंखला चार दिन तक चलेगी।